# Public Service Announcement

# क्या नए प्रांतीय पुनर्चक्रण(रीसाइक्लिंग) कार्यक्रम को लेकर आपका कोई सवाल हैं?

*हमारे पास उनके जवाब हैं!*

**वॉन, ओएन )14 नवम्बर, 2025)** - नया साल करीब है- और इसके साथ ही ओंटारियो प्रांत जल्द ही पूरे प्रांत में आवासीय ब्लू बॉक्स कार्यक्रमों को नगरपालिकाओं से हटाकर सर्कुलर मटेरियल्स द्वारा संचालित नई संग्रहण प्रणाली में बदलने जा रहा है।

**गुरुवार, 1 जनवरी 2026 से, वॉन शहर अब आपके ब्लू बॉक्स का संग्रह नहीं करेगी और न ही सिटी-ब्रांडेड ब्लू बॉक्स खरीदने या बदलने की जिम्मेदारी निभाएगी।**

शहर सभी निवासियों के लिए इस बदलाव को सरल और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें सर्कुलर मटेरियल्स से मिलने वाले ताज़ा अपडेट साझा करना और आपको नवीनतम जानकारी प्रदान करना शामिल है।

नीचे इस परिवर्तन से जुड़े कुछ आम सवालों के जवाब दिए जा रहे हैं:

**आपको क्या बदलाव दिखाई देंगे?**
साल 2025 में सब कुछ पहले जैसा ही रहेगा – आपके संग्रहण कार्यक्रम या इस वर्ष आपके द्वारा पुनर्चक्रित (रीसायकल) की जाने वाली सामग्रियों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

गुरुवार, 1 जनवरी से सर्कुलर मटेरियल्स यह जिम्मेदारी संभाल लेगा। उम्मीद है कि आपका संग्रहण कार्यक्रम पहले जैसा ही रहेगा। इसके अलावा, आप अभी ब्लू बॉक्स में स्वीकार किए जाने वाले सभी सामानों के साथ साथ और-भी कई वस्तुओं को पुनर्चक्रित (रीसायकल) कर सकेंगे, जिनमें शामिल हैं:

- चिप्स के पैकेट और खाने की रैपर, जिनमें प्लास्टिक और फॉइल रैपर शामिल हैं
- डिओडोरेंट स्टिक कंटेनर
- पालतू जानवरों के भोजन के पैकेट
- पुन: उपयोग किए जा सकने वाले पाउच
- स्टायरोफोम™
- टूथपेस्ट ट्यूब

**कचरे और हरे कूड़ेदान संग्रह की ज़िम्मेदारी किसकी होगी?**
शहर आगे भी कचरे, हरे कूड़ेदान में जाने वाले ऑर्गेनिक पदार्थ, बड़ी और भारी वस्तुएँ, और प्राकृतिक क्रिसमस पेड़ों सहित पत्ते और बगीचे का कचरा एकत्र करता रहेगा।

# Public Service Announcement

**जब शहर ब्लू बॉक्स रीसाइक्लिंग एकत्र करना बंद कर देगा, तो क्या प्रॉपर्टी टैक्स बदल जाएगा?**
फिलहाल, सिटी को अपने ब्लू बॉक्स कार्यक्रम के लिए प्रांत की ओर से एक अनुदान मिलता है। जब प्रांत यह जिम्मेदारी शहर से हटाकर सर्कुलर मटेरियल्स को सौंप देगा, तब रीसाइक्लिंग संग्रहण की लागत सर्कुलर मटेरियल्स वहन करेगा, और शहर को इस खर्च के लिए अब अनुदान नहीं मिलेगा। यह बदलाव सीधे तौर पर प्रॉपर्टी टैक्स को प्रभावित नहीं करेगा।

वॉन, यॉर्क क्षेत्र में सबसे कम कर-दर वाले शहरों में से एक है, और ग्रेटर टोरोंटो क्षेत्र में भी इसकी कर-दर सबसे कम और प्रतिस्पर्धी मानी जाती है।

**क्या मैं 1 जनवरी के बाद भी सिटीसकूंगी/ब्रांडेड ब्लू बॉक्स खरीद या बदल सकूंगा-?**
नहीं। गुरुवार, 1 जनवरी से, वॉन शहर नए ब्लू बॉक्स बेचना या टूटे/क्षतिग्रस्त सिटी-ब्रांडेड ब्लू बॉक्स बदलना बंद कर देगी। बधवार, 31 दिसंबर तक, आप इन्हें सर्विस वॉन के माध्यम से ऑर्डर कर सकते हैं – अधिक जानकारी के लिए हमारी "कंटेनर, बिन और टैग कहाँ से खरीदें" वेबपेज पर जाएँ।

**साल 2026 से, ब्लू बॉक्स सर्कुलर मटेरियल्स के माध्यम से खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे। जैसे-जैसे और जानकारी उपलब्ध होगी, शहर आपको इसके विवरण साझा करता रहेगा।**

शहर आगे भी नए ग्रीन बिन और किचन कंटेनर सर्विस वॉन के माध्यम से ऑनलाइन या चुनिंदा कम्युनिटी सेंटर्स पर बेचता रहेगा। शहर टूटे या क्षतिग्रस्त सिटी-ब्रांडेड ग्रीन बिन को मुफ्त में बदलने की सुविधा भी जारी रखेगा।

**क्या मुझे 2026 में टोरंटो और पील क्षेत्र की तरह नई रीसाइक्लिंग गाड़िया मिलेंगी?**
नहीं, सर्कुलर मटेरियल ने वॉन में रीसाइक्लिंग कलेक्शन प्रदान करने के लिए मिलर वेस्ट सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है। मिलर वेस्ट सिस्टम्स वॉन में मौजूदा नीले बक्सों का उपयोग करना जारी रखेगा, गाड़िया का नहीं।

**यह बदलाव क्यों किया जा रहा है?**
ओंटारियो प्रांत ने रिसोर्स रिकवरी एंड सर्कुलर इकॉनमी एक्ट, 2016 के तहत नया प्रांतीय विनियम 391/21 लागू किया है, इस विनियम के अनुसार, आवासीय ब्लू बॉक्स संग्रह कार्यक्रमों की वित्तीय और संचालन संबंधी जिम्मेदारी नगरपालिकाओं से हटाकर उन उत्पादकों (यानी कागज़ उत्पाद या कागज़, काँच, धातु या प्लास्टिक से बने पैकेजिंग जैसे उत्पादों के आपूर्तिकर्ता) पर डाली जा रही है, जो ये रीसायकल योग्य सामग्री बनाते हैं। इसका अर्थ है कि उत्पाद और पैकेजिंग बेचने वाले व्यवसाय उनके पूरे जीवन चक्र के लिए ज़िम्मेदार होंगे - जिसमें ब्लू बॉक्स सामग्रियों का संग्रहण, छंटाई और पुनर्चक्रण शामिल है - और सर्कुलर मटेरियल इस बदलाव की देखरेख करेगा।

इस नई रीसाइक्लिंग प्रणाली के माध्यम से, प्रांत का लक्ष्य पूरे ओंटारियो में एक समान सेवा प्रदान करना और अधिक समुदायों में अधिक प्रकार की सामग्रियों को रीसायकल करने की सुविधा उपलब्ध कराना है।

**COMMUNICATIONS, MARKETING AND ENGAGEMENT DEPARTMENT**
2141 Major Mackenzie Dr., Vaughan, ON L6A 1T1 | 905-832-2281 | vaughan.ca2

# Public Service Announcement

**2026 और उसके बाद अगर मुझे रीसाइक्लिंग से जुड़ी कोई समस्या हो तो मैं किससे संपर्क करूँ ?**

गुरुवार, 1 जनवरी, 2026 से, ब्लू बॉक्स संग्रहण से संबंधित पूछताछ मिलर वेस्ट सिस्टम्स को **1-855-752-3762** या **area10@millerwaste.ca** पर भेजी जानी चाहिए। अपनी संग्रहण सेवा के बारे में अधिक पूछताछ या प्रतिक्रिया के लिए, सर्कुलर मटेरियल्स से 1-877-667-2626 या customerservice@circularmaterials.ca.ca पर संपर्क करें।

ब्लू बॉक्स कार्यक्रम में हो रहे बदलावों की ताज़ा जानकारी पाने के लिए vaughan.ca/**BlueBox** पर जाएँ।

ताज़ा जानकारी और अपडेट पाने के लिए Vaughan News को सब्सक्राइब करें और X, Facebook, Instagram और LinkedIn पर शहर के आधिकारिक कॉर्पोरेट चैनलों को फ़ॉलो करें।

-30-

**वॉन के बारे में:** वॉन शहर कनाडा के सबसे तेज़ी से बढ़ते शहरों में से एक है, जिसकी जनसंख्या 3,44,412 से अधिक है। 1991 में स्थापित वॉन में कॉनकॉर्ड, क्लाइनबर्ग, मैपल, थॉर्नहिल और वुडब्रिज जैसी समुदाय शामिल हैं। यह सांस्कृतिक रूप से विविध नगरपालिका यॉर्क क्षेत्र और ग्रेटर टोरंटो एरिया के केंद्र में स्थित है।

**मीडिया संपर्क:** वॉन शहर
संचार, विपणन और सहभागिता विभाग
905-832-2281 | corpcomm@vaughan.ca